हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 आंगन मिलन कार्यक्रम में पांच गर्भवती महिलाओं ...



12 गांधी-शास्त्री जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित



खबर संक्षेप

किंजल का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन



सिमगा। नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिमगा की कक्षा 11वीं की छात्रा कुमारी किंजल ताम्रकार का राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026-27 के लिए क्रिकेट में चयन हुआ है। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 04 से 07 अक्टूबर 2026 तक सारंगढ़ में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में किंजल अपने जिला का प्रतिनिधित्व करेंगी। किंजल की इस उपलब्धि पर भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, साथी छात्र-छात्राओं एवं उनके परिजनों ने शुभकामनाएं दी हैं।

संत कबीर समागम का आयोजन 9 अक्टूबर को



गिधौरी। पंचायत टुण्डरा में आगामी 9 अक्टूबर को संत कबीर समाज एवं बलौदाबाजार जिला के संत कबीर समाज के लोगों के तत्वाधान में नगर पंचायत टुण्डरा के धान मंडी प्रांगण लंजुआ भाठा में 9 अक्टूबर को पंथ श्री हुजूर उदितमुनिनाम साहब के सानिध्य में होगा भव्य जिला स्तरीय संत समागम समारोह का आयोजन एवं सात्विक यज्ञ आनंदी चौका आरती का आयोजन के तैयारी को लेकर नगर पंचायत टुण्डरा के पूर्व अध्यक्ष दामोदर साहू, रोशन मानिकपुरी, नरेंद्र दास, छोटू दास सहित आस पास के कबीर पंथ समाज से जुड़े एवं कबीर पंथ के मानने वाले सैकड़ों लोग कार्यक्रम के तैयारी को लेकर धान मंडी प्रांगण के साफ सफाई में लगे हुए है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दामोदर साहू ने बताया यह कार्यक्रम एक दिवसीय है जिसमें जिला बलौदाबाजार सहित आस पास के कबीर पंथ समाज के लोग संख्या में शामिल होंगे।

ड्राई डे पर 100 रुपए की शराब 200 रुपए में बेचने का आरोप



तिल्दा नेवरा। गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को शासन के निर्देश पर शराब दुकानों को बंद रखने के साथ शुष्क दिवस घोषित किया गया था। दुकान बंद के बावजूद नेवरा स्थित शराब दुकान के बाहर कथित तौर पर शराब की बिक्री का मामला सामने आया है। आरोप है कि दुकान के चौकीदार के साथ मौजूद एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर बैठकर ग्राहकों को बुलाता रहा और उनसे 200 रूपए लेकर बाइक की डिक्की से शराब निकालकर देता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सामान्य दिनों में करीब 100 रूपए में मिलने वाली शराब ड्राई डे के दिन कथित तौर पर 200 रूपए में बेची जा रही थी। खास बात यह रही कि शराब की यह कथित बिक्री किसी गुप्त स्थान पर नहीं, बल्कि शराब दुकान के बाहर ही होती रही। एक व्यक्ति बाइक पर बैठा रहा और ग्राहक आते-जाते रहे। आरोप है कि पैसे लेने के बाद डिक्की से शराब निकालकर ग्राहकों को दी जाती रही।

बिना पंजीयन के क्लिनिक संचालित करने का आरोप, बेंच पर मरीजों को चढ़ाई जा रही ड्रिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

कसडोल विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम पुटपूरा में सिरपुर स्टेट हाईवे के किनारे कथित रूप से बिना वैध चिकित्सकीय पंजीयन निजी क्लिनिक संचालित किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार, दुकाननुमा छोटे से परिसर में पैथोलॉजी जांच के साथ मरीजों का उपचार भी किया जा रहा है।

यहां आने वाले मरीजों की जांच करने के बाद उन्हें बेंच पर बैठाकर ड्रिप चढ़ाए जाने की बात भी सामने आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित व्यक्ति के पास मरीजों का उपचार करने के लिए आवश्यक चिकित्सकीय योग्यता एवं वैध पंजीयन है या नहीं, इसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं है। इसके बावजूद ग्रामीण उसे डॉक्टर समझकर उपचार कराने पहुंच रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं और जागरूकता की कमी के बीच इस तरह के कथित क्लिनिक का संचालन गंभीर चिंता का विषय बताया जा रहा है।

बीएमओ ने कहा - टीम गठित कर मामले की जांच कराई जाएगी







दुकाननुमा परिसर में जांच और इलाज

बताया जा रहा है कि एक ही परिसर में पैथोलॉजी जांच केंद्र के साथ मरीजों का इलाज भी किया जा रहा है। मरीजों को बेंच पर बैठाकर ड्रिप लगाए जाने के आरोप के बाद स्वास्थ्य विभाग की निगरानी और जांच व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि बिना आवश्यक योग्यता या वैध पंजीयन के उपचार किए जाने की पुष्टि होती है तो यह मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम बन सकता है।

जांच के बाद होगी कार्रवाई

मामले को लेकर कसडोल के प्रभारी बीएमओ डॉ. राकेश प्रधान ने कहा की आपके द्वारा पता चला है कि अवैध रूप से क्लिनिक का संचालन किया जा रहा है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बलौदाबाजार-सिमगा मार्ग पर उड़ने लगी धूल, पानी छिड़काव की मांग अब तक पूरी नहीं

धूल के गुबार से राहगीर और ग्रामीण परेशान, बारिश के बाद उड़ रही धूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

मानसून की बारिश थमते ही बलौदाबाजार-रिसदा-हथबंद-सिमगा मार्ग पर धूल का गुबार राहगीरों और सड़क किनारे रहने वाले ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। बारिश के दौरान कीचड़ और जलभराव से जूझ रहा मार्ग अब धूप निकलने के बाद धूल से पट गया है। इस मार्ग पर लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क पर धूल की मोटी परत जम गई है। वाहनों के गुजरने पर धूल के गुबार से दृश्यता प्रभावित होने के साथ राहगीरों को सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। धूल से परेशान ग्राम रिसदा के युवाओं ने पूर्व में प्रशासन और संबंधित विभाग से सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव कराने की मांग की थी। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक सड़क का स्थायी निर्माण या डामरीकरण पूरा नहीं होता, तब तक दिन में दो से तीन बार पानी का छिड़काव किया जाए। ग्रामीणों के अनुसार मांग के बावजूद नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं होने से समस्या बनी हुई है।



स्थायी निर्माण तक तत्काल छिड़काव की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की ओर से सड़क निर्माण और मजबूतीकरण को लेकर पूर्व में कार्य जल्द पूरा करने की बात कही गई थी। मुख्यमंत्री द्वारा रिसदा बाईपास एवं सड़क मजबूतीकरण के लिए राशि स्वीकृत किए जाने की जानकारी भी सामने आई है, लेकिन वर्तमान में मार्ग की स्थिति से लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। ग्रामीणों ने स्थायी सड़क निर्माण होने तक पानी के टैंकरों से नियमित छिड़काव कराने की मांग दोहराई है।



घर-दुकान और फसलों पर जम रही धूल

मार्ग से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालक, स्कूली बच्चे और स्थानीय ग्रामीण सबसे अधिक प्रभावित हैं। सड़क किनारे स्थित घरों, दुकानों और फसलों पर धूल की परत जम रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार उड़ रही धूल से आंखों में जलन और सांस संबंधी परेशानी बढ़ रही है।

भारी वाहनों की आवाजाही से समस्या गंभीर

मार्ग पर सीमेंट संयंत्रों और खदानों से जुड़े रेत, सीमेंट, कोयला, क्लिंकर, जिप्सम और फ्लाई ऐश लदे भारी वाहनों की आवाजाही भी लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार ओवरलोड वाहन गुजरने से धूल का गुबार काफी बढ़ जाता है। इससे पीछे चल रहे छोटे वाहनों के चालकों को सामने का रास्ता स्पष्ट दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

डिजिटल अरेस्ट, पार्ट टाइम जॉब फ्रॉड व फर्जी कॉल से रहें सावधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

गांधी जयंती के अवसर पर बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने 'साइबर मुक्त छत्तीसगढ़' के संकल्प के साथ साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूकता अभियान को तेज किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे 'साइबर जागृति अभियान' के तहत 2 अक्टूबर को चौकी सोनाखान पुलिस टीम ने एसबीआई फाउंडेशन द्वारा संचालित कोचिंग सेंटर में विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में कोचिंग सेंटर में अध्ययनरत करीब 50 छात्र-छात्राओं एवं प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों को वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने युवाओं को साइबर ठगी के नए-नए तरीकों से सावधान रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के ▶▶ शेष पेज 10 पर

क्यूआर कोड स्कैन करते ही खाली हो सकता है बैंक खाता

कार्यक्रम में यूपीआई और ऑनलाइन बैंकिंग से होने वाली वित्तीय धोखाधड़ी के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस ने बताया कि यूपीआई पिन पैसे प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि भुगतान करने के लिए होता है। किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर क्यूआर कोड स्कैन नहीं करने तथा ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम कार्ड की जानकारी और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने की समझाइश दी गई।

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर डराने वालों से रहें सावधान

पुलिस टीम ने डिजिटल अरेस्ट और फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर किए जाने वाले कॉल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। अभ्यर्थियों को बताया गया कि कोई भी सरकारी एजेंसी या पुलिस अधिकारी वीडियो कॉल के माध्यम से गिरफ्तारी की धमकी देकर ऑनलाइन पैसे जमा करने के लिए नहीं कहता। ऐसे कॉल आने पर घबराने के बजाय कॉल को काटकर तत्काल पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी गई।

अवैध गतिविधियों की शिकायत पर पांच पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुहेला



क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सुहेला पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए पांच लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने कार्रवाई के बाद सभी पांचों व्यक्तियों को न्यायालय में पेश किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते दिनों आयोजित शांति समिति की बैठक में कुछ लोगों के कथित रूप से अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने की शिकायत सामने आई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सुहेला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की और शिकायत में सामने आए नामों के आधार पर छानबीन की। जांच के बाद सुहेला निवासी अश्विनी कुमार वर्मा, दाऊ लाल वर्मा, तुकाराम वर्मा, मंसा राम वर्मा एवं डायन सिंह साहू के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई। इस संबंध ▶▶ शेष पेज 10 पर

अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, तालाब में डूबने से नाबालिग की मौत

गिधपुरी। पुलिस थाना गिधपुरी क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। जिसमे पहली घटना ग्राम धौराभाटा की है, जहां अधेड़ छेदू राम साहू (55 वर्ष) ने बीमारी से त्रस्त होकर घर के अंदर मियार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग रात को अपने कमरे के बगल वाले कमरे में फांसी पर लटक गया। सुबह घर के लोग उठे तो उसे फांसी में लटकते देखा और आसपड़ोस के लोगों को बुलाया। पुलिस थाना प्रभारी सुखेन देशमुख ने बताया कि अधेड़ पिछले 7-8 साल से बीमार था, जिससे वह काफी परेशान रहता था। दूसरी घटना ग्राम तमोरी की है यहां 14 वर्षीय नाबालिग बच्चा, जो मिर्गी बीमारी से ग्रस्त था, अपने घर के सामने स्थित तालाब में अचानक ▶▶ शेष पेज 10 पर



थोक सब्जी व्यापारी को सोशल मीडिया पर चाकू दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में सोशल मीडिया के माध्यम से एक थोक सब्जी व्यापारी को कथित रूप से जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। व्यापारी आयुष बरनवाल उर्फ शीलू ने सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत देकर ग्राम धनेली निवासी लोकनाथ वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया स्टेटस में अश्लील गाली-गलौज के साथ चाकू दिखाकर ▶▶ शेष पेज 10 पर



जांच के बाद होगी कार्रवाई

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी लाकेश केवर्थ ने बताया कि शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है। जांच के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में प्रस्तुत इस्तगासा के संबंध में उन्होंने बताया कि आरोपी समन पर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। ऐसे मामलों में वारंट जारी कराया जा रहा है। व्यापारी को सार्वजनिक रूप से धमकी दिए जाने के मामले में चैंबर ऑफ कॉमर्स ने भी आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रशासन से आरोपी के खिलाफ जल्द अपराध दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पूर्व के मामलों में बांडओवर की कार्रवाई लंबित होने को लेकर भी कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

गांधी जयंती पर देवरीकला में विकास का रोडमैप तैयार

आवास से लेकर स्वच्छता-पेयजल तक बनी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर शुक्रवार को जनपद पंचायत कसडोल के समीपस्थ आदर्श ग्राम पंचायत देवरीकला में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के तैलचित्र पर पुष्प एवं गुलाल अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने गांधीजी के ग्राम स्वराज के विचारों को आत्मसात करने तथा गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। ग्राम सभा में छत्तीसगढ़ सरकार के निर्देशानुसार आयोजित रिफॉर्म उत्सव के तहत ग्राम पंचायत के समग्र विकास की कार्ययोजना तैयार करने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। विकसित ग्राम पंचायत योजना के माध्यम से ग्रामीणों की प्राथमिकताओं और ▶▶ शेष पेज 10 पर

- विशेष ग्राम सभा में गांव के भविष्य पर हुआ मंथन



आवास प्लस 2.0 के दावे-आपत्तियों पर मंथन

ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास प्लस 2.0 से संबंधित अपडेट, दावे एवं आपत्तियों पर भी चर्चा की गई। पात्र हितग्राहियों की प्राथमिकता सूची तैयार करने तथा जरूरतमंद परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया पर विचार किया गया। इसके अलावा गांव में पेयजल, स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के संबंध में भी ग्रामीणों से सुझाव लिए गए। पंचायत प्रतिनिधियों ने शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में ग्रामीणों से सहयोग की अपील की।

स्वच्छता का लिया सामूहिक संकल्प

कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वच्छता की शपथ ली। सभी ने देवरीकला को विकसित, स्वच्छ एवं सशक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। ग्राम सभा में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से गांव के विकास को लेकर सकारात्मक माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सरपंच बालेश्वर वैष्णव, उपसरपंच अंजली पैकरा, पंच हरिमती कैवर्त, शुकवारा बाई यादव, दुगेश्वर वैष्णव, सचिव कमलदास मानिकपुरी, रोजगार सहायक राजेश पैकरा सहित मनीराम घृतलहरे, रामाधार कैवर्त, जनीराम पैकरा, साहेब लाल पैकरा, भंवर सिंह पैकरा, चैन सिंह पैकरा, अगर सिंह पैकरा, छतराम पैकरा, कुमारदास वैष्णव, सुखसागर ध्रुव, बनाई यादव, ओमप्रकाश घृतलहरे, पुरुषोत्तम कैवर्त, मनीष कैवर्त, मोहन वैष्णव, शोभित जांगड़े, परस यादव, छोटू यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

भैंसापसरा में गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम भैंसापसरा में कार्रवाई करते हुए घर में गांजा रखकर बिक्री करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 732 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 8 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार 2 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भैंसापसरा निवासी रामाधार पटेल अपने घर में अवैध रूप से गांजा रखकर उसकी बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम गवाहों के साथ तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी के मकान पर दबिश दी।



पुलिस ने मकान के दरवाजे के पास मौजूद रामाधार पटेल को हिरासत में लेकर तलाशी कार्रवाई की।

तलाशी के दौरान मकान के सामने परछी में टीन के टसले के नीचे रखे हल्के पीले रंग के कपड़े के कैरीबैग से गांजा बरामद हुआ। तौल कराने पर गांजे का वजन 732 ग्राम पाया गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर सीलबंद किया। जब्त गांजे की कीमत करीब 8 हजार रुपए बताई गई है।पुलिस ने आरोपी रामाधार पटेल पिता श्रवण पटेल (38), निवासी ग्राम ▶▶ शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप



लुधियाना में 38वीं सब जूनियर राष्ट्रीय टेनिकॉइट प्रतियोगिता 17 से

करहीबाजार। 38 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बालक एवं बालिका टेनिकोइट प्रतियोगिता का आयोजन लुधियाना (पंजाब) में दिनांक 17 से 21 अक्टूबर तक आयोजित है। राज्य टीम के गठन के लिए राज्य स्तरीय चयन स्पर्धा 28 सितंबर को छत्तीसगढ़ टेनिकॉइट एसोसिएशन द्वारा जगन्नाथ राव दानी शासकीय कन्या उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय रायपुर में आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश के जिलों के 70 से अधिक बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। यह हमारे विद्यालय स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, करहीबाजार के लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि विद्यालय के दो होनहार विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर टेनिकॉइट की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय की छात्रा नुकिता साहू, कक्षा 8वीं एवं छात्र अरुण पटेल, कक्षा 7वीं ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ईश्वर लाल देवदास ने चयनित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही समस्त विद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं सफलता की कामना की।

सेमराडीह की ग्राम सभा में त्रैमासिक बजट पर चर्चा



रिसदा। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत सेमराडीह में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों की उपस्थिति एवं सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ग्राम सभा का शुभारंभ गांधी जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण, गुलाब लगाकर एवं नारियल तोड़कर शुरू किया गया। ग्रामसभा की बैठक सरपंच प्रमिला वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें सचिव उत्तम कुमार टंडन द्वारा त्रैमासिक बजट सभी के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। बैठक में गांव के पटेल आत्माराम साहू, राधेश्याम वर्मा, जितेंद्र कुमार वर्मा, सुरेश शर्मा, गोपाल साहू, बेदराम, नोखराम वर्मा, रवि साहू, ईश्वर साहू, मोहन साहू, कोटवार विश्वनाथ मानिकपुरी, सरिता यादव, धीरज ध्रुव, उत्तरा ध्रुव, लोकेश्वरी साहू, सेवती, बिमला, गायत्री, सावित्री, दुलौरिन, सीमा आदि बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।





तालाब में श्रमदान कर दिया स्वच्छता और हरित पर्यावरण का सन्देश

गांधीजी को किया गया नमन, नशा मुक्त भारत का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जिले में विभिन्न गरिमामय कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कलेक्टोरेट परिसर स्थित उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके साथ ही उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, भारत माता तथा अमर शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमाओं पर भी पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'नशा मुक्त भारत' की शपथ दिलाई।

सार्वजनिक तालाब में स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण-जयंती समारोह के उपरांत 'सेवा मेरा योगदान' पहल के अंतर्गत बलौदाबाजार स्थित सार्वजनिक तालाब परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें कलेक्टर कुलदीप शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वयं श्रमदान कर तालाब की मेड़ और आसपास के परिसर की सफाई की। इसके साथ ही 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर आम नागरिकों को हरित पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया।



दिव्यांग दीदियों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल देने के निर्देशः इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने 'क्लीन सिटी मिशन' के तहत शहर को स्वच्छ बनाए रखने में जुटी स्वच्छता दीदियों के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने दिव्यांग स्वच्छता दीदियों की सुगमता के लिए मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान करने के निर्देश दिये।

इसके अलावा तालाब किनारे पर कचरा फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्ती बरतने और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यहां रात्रि पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी, सीमा ठाकुर एसडीएम अरविन्द कुमार सहित पार्षदगण, अधिकारी -कर्मचारी एवं बड़ी संख्या मे नगरवासी उपस्थित थे।

वरिष्ठ नागरिकों और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान



मुंडा। गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के पावन अवसर पर 2 अक्टूबर को ग्राम डमरू में 'महात्मा गांधी जन कल्याण समिति' के तत्वावधान में एक गरिमाममय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम के 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, साथ ही देहदान जैसी महादान की घोषणा ने पूरे कार्यक्रम को एक नई प्रेरणा दी। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सर्व समाज के जिला अध्यक्ष कुशल वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य श्रीमती प्रमिला साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्व समाज के संरक्षक पुहुप राम यदु, राम कुमार साहू,लाला राम साहू , अमर सिंह पैकरा कुंवर सिंह पैकरा, पत्रकार रॉकी साहू मंच पर आसीन रहे।कार्यक्रम के दौरान 75 वर्ष से अधिक उम्र के कुल 60 बुजुर्ग ग्रामवासियों का तिलक लगाकर, शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह (शील्ड) भेंट कर सत्कार किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह हरी पैकरा द्वारा किया गया।इस अवसर पर संरक्षक रामलाल साहू, डॉ. रामनाथ, देवदास; अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र सिंह पैकरा, उपाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार यादव, सचिव सुशील जायसवाल, कोषाध्यक्ष बिहारी लाल साहू, सहसचिव गजेन्द्र पैकरा, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. टेकराम साहू, संजय कुमार साहू, डॉ. एल.एस. ध्रुव, बलदाऊप्रसाद साहू, देशराम साहू, कृष्ण कुमार साहू, संतोष सिंह चौहान, सेवक राम साहू, दिनेश कुमार साहू, रसमय विश्वास, राजेश कुमार सोनी, जसवंत सिंह पैकरा, मनोज कुमार सेन, जितेन्द्र जायसवाल, रामकुमार साहू, महेत्तरू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर जनप्रतिनिधियों स्वच्छता दीदियों ने किया श्रमदान



लवन। गांधी जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प माह तहत 'स्वच्छता में सहभागी, स्वच्छ भारत विकसित भारत' अभियान के तहत लवन नगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया । नगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान,प्राधिकृत अध्यक्ष दुर्गेश बाजपेई, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अनुपम बाजपेई मणि कंचन के स्वच्छता दीदियों ने शामिल होकर श्रमदान किया। नगर पंचायत के भाजपा पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने भी सफाई अभियान में हिस्सा लिया और श्रमदान किया. इस दौरान लोगों को सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। नगर अध्यक्ष शिवमंगल चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी स्वच्छता को विशेष महत्व देते थे. इसी भावना को ध्यान में रखते हुए गांधी जयंती के अवसर नगर पंचायत लवन की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया है. उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से लोगों तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाने और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस स्वच्छता अभियान में स्वच्छता दीदी दीपा गायकवाड, रंजिता निराला, सुनीता बार्वे, असवांतीन रत्नाकर, अंजू बार्वे, रंभा घृतलहरें, कामता बार्वे, सुमित्रा बार्वे, जगबाई रत्नाकर, मुन्नी बंजारे, रजनी बंदे, बोधिनी कातरे, आंबा रत्नाकर, रश्मि बार्वे, दुबराज रत्नाकर, दरस रत्नाकर, नीरा रत्नाकर, बिश्नो बार्वे, लता बंजारे, सबिता निराला के विशेष योगदान रहा।

कांग्रेस मंडल कमेटी की बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन


पलारी। ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पलारी में मंडल कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ एवं वार्ड स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आम जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर उन्हें जनता के बीच प्रभावी ढंग से रखने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

बैठक की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। वक्ताओं ने दोनों महापुरुषों के सत्य, अहिंसा, सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के विचारों को याद किया। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। संगठन को मजबूत करने के साथ आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना भी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बढ़ते बिजली बिल, महंगाई, किसानों को खाद की उपलब्धता में आ रही परेशानी तथा आम लोगों से जुड़ी अन्य समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं और उनकी आवाज को मजबूती से सामने रखें।



गांधी जी और शास्त्री जी के विचारों से प्रेरणा लेकर जनसेवा को प्राथमिकता देने की बात कही। पलारी मंडल प्रभारी रोहित साहू ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता से होती है। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा, जब कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर जनता के बीच सक्रिय रहेंगे। बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, प्रवीण वर्मा, हर्षू वर्मा, महेश्वरी कुर्रे, नेमसिंह बांधे, साधराम साहू, पुनीत रजक, नारायण धीवर, घनश्याम धीरहे, संदीप ठाकुर, अंकित जोशी, सनत वर्मा, परस कन्नौजे, अशोक रत्नाकर, रामजी टंडन, कल्याण ध्रुव, संदीप साहू, बिसहत बांधे, भस्म कुमार निराला, रिंकू साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खरोरा कॉलेज में हुआ श्रमदान व शपथ ग्रहण



खरोरा। स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय, खरोरा में 'युवा फॉर स्वच्छता' एवं 'सेवा संकल्प अभियान' के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में श्रमदान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य आरके साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी परिवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि विचारों एवं आचरण की शुद्धता भी इसका अभिन्न अंग है। जब युवा स्वच्छता को अपने जीवन का संकल्प बना लेते हैं, तब वे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'युवा फॉर स्वच्छता' अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि सप्ताह में दो घंटे का श्रमदान स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति हमारे दायित्वबोध एवं सामाजिक सहभागिता का प्रतीक है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बाल्मीकि साहू ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क और स्वस्थ मस्तिष्क में स्वच्छ विचार आते हैं, जो हमें अपने कर्मपथ पर अग्रसर करते हैं। सभी विद्यार्थी असीम ऊर्जा के स्वामी हैं। उन्होंने समाज और राष्ट्र की प्रगति में तत्पर रहने आह्वान किया। तालाब, बाजार, चौक, नलकूप के आसपास की सफाई करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के

पेज 9 के शेष

अवैध गतिविधियों की...

में थाना प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि शांति समिति की बैठक में उक्त व्यक्तियों के अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की छानबीन की और पांचों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सतर्क है तथा अवैध गतिविधियों की शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अधेड़ ने फांसी ...

गिर जाने से डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बच्चा घर के सामने ही तालाब के पास था, तभी यह हादसा हो गया। दोनों घटनाएं शुक्रवार की सुबह की बताई जा रही हैं। गिधपूरी थाना प्रभारी सुखेन देशमुख ने बताया कि दोनों मामलों में पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया और पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस दोनों मामलों की अलग-अलग जांच कर रही है। श्री देशमुख ने बताया कि अधेड़ बीमारी से ग्रस्त होने से काफी समय से परेशान था जिससे उन्होंने ये कदम उठाया,जबकि नाबालिक का तालाब में डूबने से मौत हो गई।

थोक सब्जी व्यापारी....

उसे जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत के अनुसार आयुष बरनवाल बलौदाबाजार सब्जी मंडी में थोक सब्जी का व्यवसाय करता है। 1 अक्टूबर को धनेली स्थित शांति बगीचा से सब्जी लेने के लिए वाहन भेजा गया था। इसी बात को लेकर विवाद होने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा मोबाइल नंबर से सोशल मीडिया स्टेटस लगाए जाने का आरोप है। व्यापारी का कहना है कि स्टेटस में आपत्तिजनक भाषा के साथ चाकू प्रदर्शित किया गया और धमकी दी गई। इससे वह और उसका परिवार भयभीत हैं। व्यापारी ने पुलिस से कथित सोशल मीडिया स्टेटस, वीडियो, फोटो व अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई तथा जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। मामले की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है।

डिजिटल अरेस्ट, पार...

अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अभ्यर्थियों को 'मैं जागरूक हूं, साइबर क्राइम से मुक्त हूं' का संकल्प दिलाया गया। साथ ही उन्हें अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करने की सलाहः पुलिस टीम ने सोशल मीडिया प्राइवेसी को लेकर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया। अपनी निजी जानकारी, फोटो, बैंक संबंधी विवरण और अन्य संवेदनशील जानकारी सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर साझा नहीं करने तथा सोशल मीडिया अकाउंट में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करने की सलाह दी गई।

आवास से लेकर...

स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर आगामी विकास कार्यों का खाका तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की गई। बैठक में गांव में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर ग्रामीणों से सुझाव लिए गए। विकास कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाने तथा ग्राम पंचायत को अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने पर भी जोर दिया गया।

भैंसापसरा में गांजा ...

भैंसापसरा, थाना सिटी कोतवाली के खिलाफ अपराध क्रमांक 819/2026 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत कार्रवाई की है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।

नमस्ते योजना के तहत 32 सफाई मित्रों को मिला प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र

सिमगा। स्वच्छता दिवस के अवसर पर नगर पालिका सिमगा में आयोजित कार्यक्रम में 'नमस्ते योजना' के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 32 सफाई मित्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। पांच दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से सफाई मित्रों को सुरक्षित कार्यप्रणाली, आधुनिक उपकरणों के उपयोग और शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। भारत सरकार की नमस्ते योजना के अंतर्गत सिमगा नगरीय निकाय में वेस्ट पिकर्स के कौशल उन्नयन एवं व्यावसायिक सुरक्षा को लेकर 16 से 21 सितंबर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें नगर पालिका क्षेत्र के 32 सफाई मित्रों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य सफाई कार्य से जुड़े लोगों को सुरक्षित कार्य वातावरण



उपलब्ध कराने के साथ उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया एवं उपाध्यक्ष विकास सोनकर ने पार्षदों, एल्डरमैन एवं नगर पालिका पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रशिक्षित सफाई मित्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रशिक्षण के दौरान सफाई मित्रों का पंजीयन कर नमस्ते आईडी कार्ड जारी करने की प्रक्रिया पूरी की गई। उन्हें आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, स्वरोजगार के लिए पूंजीगत सब्सिडी एवं बैंक ऋण जैसी योजनाओं की पात्रता और लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके साथ ही कचरा पृथक्करण, पीपीई किट और आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में इन्द्रपाल साहू, कोकिला प्रधान नोडल अधिकारी, मुख्य ट्रेनर नागेश्वर साहू कैम फाउंडेशन सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, पार्षदगण एवं सभी 32 प्रशिक्षित सफाई मित्र उपस्थित रहे।

पलारी के जन समस्या निवारण शिविर, हितग्राहियों को मिलीं चाभियां



पलारी। गत दिनों नगर पंचायत पलारी में सेवा सेतु अभियान के तहत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पी एम स्वानिधि योजना, राशन कार्ड, जन्म मृत्यु पंजीयन, नल जल योजना का लाभ मिले शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हितेन्द्र ठाकुर, अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षदगण रवि ध्रुव, डोमार वर्मा, प्रतिभा धीरहे, घनश्याम धीरहे एवं मुख्य पालिका अधिकारी मनोज बंजारा उपस्थित थे।

अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा संचालित दृष्टि हेल्पलाइन लगातार कारगर साबित हो रही है। हेल्पलाइन में मिली सूचना के आधार पर चौकी बया पुलिस ने ग्राम बया में अवैध रूप से शराब बिक्री करते एक आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 41 पाव देशी प्लेन शराब, जिसकी कीमत करीब 3280 रुपए है, जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा आपराधिक गतिविधियों की सूचना प्राप्त करने के उद्देश्य से जिले में दृष्टि हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 शुरू किया गया है। इस नंबर पर नागरिक व्हाट्सएप अथवा कॉल के माध्यम से किसी भी प्रकार की शिकायत, सूचना या आपराधिक गतिविधि की जानकारी पुलिस को दे सकते हैं। इसी क्रम में 2 अक्टूबर 2026 को दृष्टि हेल्पलाइन के माध्यम से ग्राम बया में अवैध शराब बिक्री किए जाने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुए चौकी बया पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कीर्तन साहू (36), निवासी वार्ड क्रमांक 6, ग्राम बया को अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 41 पाव देशी प्लेन शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 3280 रुपए बताई गई है। पुलिस ने शराब को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध चौकी बया, थाना राजादेवरी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

सूचना दें, पहचान रहेगी गोपनीय

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि क्षेत्र में होने वाली किसी भी संदिग्ध अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस तक पहुंचाएं। दृष्टि हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 पर कॉल अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना दी जा सकती है। पुलिस के अनुसार हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों की धरपकड़ लगातार की जा रही है।

खबर संक्षेप



ढनढनी में मनाई गई गांधी जयंती

रिसदा। जनपद पंचायत बलौदाबाजार के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ढनढनी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाई गई। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बापू के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और उनके बताए सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत की सरपंच बृहस्पति रंजीत ध्रुव और उप सरपंच भूपेंद्र साहू उपस्थित थे। उनके साथ ही पंचायत के पंचगण लोकनाथ वर्मा, सूरज सिंह ध्रुव, खेलावन साहू, कुंदन ध्रुव, उमेश साहू, पुहुप दास मानिकपुरी, दीपक दास मानिकपुरी, मंजू ध्रुव, दामिनी वैष्णव, आसीन यदु, शकुन बांधे, टिकेश्वरी साहू और रामेश्वरी साहू ने भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान सचिव करीम अली खान और रोजगार सहायक गुलशन साहू सहित कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

एनएसएस ने चलाया स्वच्छता अभियान



बगबुड़ा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान (ख), लवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर गोद ग्राम पाहंदा में स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत के तहत स्वयंम सेवकों ने संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया स्वयंम सेवकों में उमंग एवं उत्साह से गांधी जी के मार्ग पर चलने के लिए गांव के लोगों को संदेश दिया। ग्राम खैरा का संरपच हीरा प्रकाश मिरी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वच्छता अभियान पर सभी स्वयंम सेवकों को शुभकामनाएं दी। संस्था के प्राचार्य द्वारा विभिन्न गतिविधियां करायी जाती है जिससे गांव के लोगो ने पढाई के साथ -साथ समाज एवं देश सेवा को देखकर बहुत उत्साहित रहते हैं स्वच्छता अभियान संस्था के शिक्षक चन्द प्रकाश निर्मल कर स्वयंम सेवक साधना यादव, रामेश्वरी पैकरा, संध्या, अन्नु निषाद, सुमन, सुहानी, राजनंदनी आदि स्वयंम सेवकों ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

सोनपैरी में रामधुनी प्रारंभ

मगरलोड। ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सोनपैरी में तीन दिवसीय रामनाम गुणगान का आयोजन किया गया है। महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर को दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि सरपंच इंदुलता कंवर रही।

मिनी मैराथन में सैकड़ों युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर में गुरुवार सुबह का नजारा बेहद ऊर्जावान रहा। भारत माता सैनिक फिजिकल अकादमी, भाटापारा द्वारा आयोजित मिनी मैराथन प्रतियोगिता में सैकड़ों युवाओं, स्कूली बच्चों एवं बच्चियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। पूरे नगर में फिटनेस और देशभक्ति का संदेश गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए। शिवरतन शर्मा ने सभी धावकों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया, उनका हौसला बढ़ाया और प्रतियोगिता की सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं। मैराथन के रोमांचक समापन के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में शिवरतन शर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार, देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे एवं बच्ची को उनके उज्ज्वल भविष्य, बेहतर स्वास्थ्य और सफल जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

अंत में इस सफल, शानदार एवं प्रेरणादायक आयोजन के लिए शिवरतन शर्मा ने भारत माता सैनिक फिजिकल अकादमी के संचालक मंडल, समस्त प्रशिक्षकों, सहयोगियों एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी नागरिकों को बधाई दी।

शिवरतन शर्मा ने विजेताओं को किया पुरस्कृत



फिटनेस और अनुशासन के संकल्प की दौड़

शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि अनुशासन, देशभक्ति और फिटनेस के संकल्प की दौड़ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया-हिट इंडिया के मंत्र को आज भाटापारा के युवाओं ने चरितार्थ कर दिया है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि युवाओं एवं नागरिकों में स्वस्थ जीवनशैली, फिटनेस और खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में ऐसे आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शर्मा ने कहा कि भारत माता सैनिक फिजिकल अकादमी जिस प्रकार युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार कर रही है, वह प्रशंसनीय है। यह अकादमी न सिर्फ फिजिकल ट्रेनिंग दे रही है, बल्कि युवाओं में राष्ट्र सेवा का जज्बा भी पैदा कर रही है।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता

प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारना : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

विकासखण्ड स्तरीय सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित चित्रकला रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम आत्मानंद शाला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक पूरे एक माह तक प्रस्तावित है । जहां विभिन्न आयोजनों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 25 वर्षों से लगातार चाहें वह मुख्यमंत्री के रूप में या प्रधानमंत्री के रूप में बिना रूके बिना थके देश सेवा में तत्पर हैं वे विश्व में भारत को सिरमौर बनाने में लगे हैं इसी भावना को आम जनमानस तक



पहुंचाने के लिए सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है । किंतु एक आदमी के प्रयास करने से भारत विश्व का सिरमौर नहीं बन सकता है आप सभी छात्र-छात्राओं के कंधों पर ही देश का भविष्य निर्भर है जब आप शिक्षा खेल-कूद एवं अन्य क्षेत्रों में अपनी पहचान बनायेंगे तो स्वतः ही भारत विश्व का सिरमौर बन जाएगा। इसलिए आप लोगों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए यह आयोजन किया गया है।

प्रतिभागियों का बढ़ाया उत्साहः

वहीं मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने कहा कि पहले कहा जाता था कि धारा 370 को कोई नहीं हटा सकता है और अयोध्या में कभी भी राम मंदिर निर्माण नहीं हो सकता है परंतु हमारे प्रधानमंत्री ने यह दोनों असंभव कार्य को संभव कर दिखाया इससे पता चलता है कि अगर सेवा संकल्प और इरादे मजबूत है तो कोई भी कार्य किया जा सकता है। हमारे प्रधानमंत्री 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में लगे हुए हैं। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई चित्रकला एवं रगोली का अवलोकन एवं भाषण श्रवण कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, पार्षद प्रियंका अनूप तिवारी, पितांबर सोनकर, एल्डरमैन अभिजीत अवस्थी, परस पाटक,र ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संजय श्रीवास्तव एवं शाला परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

आंगन मिलन कार्यक्रम में पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भरूवाडीह

महिला एवं बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत भरूवाडीह, चांपा और खम्हरिया के आंगनबाड़ी केंद्रों में सेवा संकल्प अभियान के तहत जागरूकता के लिए आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा छह माह की बच्ची का अन्नप्राशन कराया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों ने बालगीत और कविताएं प्रस्तुत कर अतिथियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं महिलाओं का मन मोह लिया। सुनीता वर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं समुचित विकास के लिए समयबद्ध टीकाकरण, पोषणयुक्त आहार और संस्कार संबंधी जानकारी दी जा रही है। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को उठाना चाहिए। मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को खान-पान के लिए प्रथम किश्त के रूप में 3000 रुपये तथा प्रसव के बाद 2000 रुपये की सहायता दी जाती है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संस्थागत प्रसव कराने पर 1400 रुपये की सहायता भी मिलती है। इस अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर निर्मला वर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आरएचओ एच. एवं ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंदिरा वर्मा, डिगेश्वरी डहरिया, रेखा ध्रुव, संतोषी वर्मा, फुलेश्वरी यदु, सेवती वर्मा, नारायणी दास सहित सरपंच, पंच, लाभान्वित महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा रक्तदान शिविर

पलारी। सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में ब्लॉक स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने तथा आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

शिविर में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, युवा कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, पूर्व प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा ओमप्रकाश चंद्रवंशी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री महेंद्र साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री अमित वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष



पलारी पवन वर्मा, मंडल अध्यक्ष रोहांसी विजय कोशले, मंडल अध्यक्ष संडी मिथलेश साहू, मंडल कोषाध्यक्ष संकेत वर्मा, मंडल मीडिया प्रभारी गौतम यादव, भाजयुमो जिला मंत्री धर्मेंद्र चंद्राकर, प्राधिकृत मुकेश साहू, भाजयुमो महामंत्री रवि श्रीवास्तव, भाजयुमो मीडिया प्रभारी मनीष दुबे, सह मीडिया प्रभारी ओमेश वर्मा एवं युवा नेता साकेत वर्मा सहित चिकित्सक बी.एल. ध्रुव, बीएमओ पंकज वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।शिविर में रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सेवा, समर्पण और मानवता का संदेश दिया।

बच्चों ने उकेरा विकसित भारत का तस्वीर

बलौदाबाजार। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय चित्रकला, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



एमडीव्ही आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बलौदाबाजार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल, देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता एवं सेवा भावना को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिला। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने चित्रकला, भाषण एवं रंगोली के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत रंगोली से 5, भाषण से 5 एवं चित्रकला से 20 प्रतिभागियों, कुल 30 प्रतिभागियों का चयन जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 3 अक्टूबर को वर्धमान विद्यापीठ, बलौदाबाजार में किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड रामाधार पटेल, नरेश केशरवानी.बीईओ राजेन्द्र टंडन, प्राचार्य ऋतु शुक्ला सहित शिक्षकगण एवं विकासखण्ड के विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 150 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

जरूरतमंदों को बांटे गए खिलौने व पुस्तकें



पलारी। शुक्रवार कार्यालय नगर पंचायत पलारी द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बहुप्रतीक्षित दान उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान मुख्य नगरपालिका अधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में 1 से 8 अक्टूबर 2026 तक पूरी गरिमा और उत्साह के साथ चलाया जाएगा,इस 8 दिवसीय उत्सव के दौरान समाज के विभिन्न जरूरतमंद वर्गों और हितग्राहियों की सहायता के लिए दैनिक रूप से विशेष दान कार्यक्रमों का संपादन किया जाएगा, जिसकी कम्बल एवं वस्त्र दान- अभियान के शुरुआती दिनों में जरूरतमंद हितग्राहियों को ठंड से राहत देने के लिए कम्बल और वस्त्रों का वितरण किया जाएगा। गरीब और असहाय परिवारों के बीच आवश्यक बर्तनों और खाद्य सामग्रियों (अन्न) का वितरण कर उन्हें संबल प्रदान किया जाएगा। बच्चों के लिए खुशियां (खिलौने और जूते-चप्पल)- बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए खिलौने बांटे गए। साथ ही हितग्राहियों को जूते और चप्पल भी प्रदान किए जाएंगे। शिक्षा को बढ़ावा पुस्तक दान- ज्ञान के प्रसार और छात्रों की मदद के लिए निःशुल्क पुस्तकों का दान किया गया। स्वच्छता कर्मियों का सम्मान- अभियान के अंतिम दिन 08 अक्टूबर को शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने वाले हमारे स्वच्छता कर्मियों को विशेष रूप से पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया जायेगा। इस पूरे भव्य आयोजन को सफल बनाने में नगर पंचायत पलारी के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियो भोजराम साहू लेखापाल, महेन्द्र वर्मा सफाई दरोगा, मनीष यादव प्लेसमेंट कर्मचारी, नारायण सेन ऑपरेटर, महेश्वर साहू ,और आनंद यादव स्वच्छता कमाण्डो सहित पूरी टीम ने मुस्तैदी से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुजुर्ग का हुआ सम्मान



पलारी। समीप के ग्राम पंचायत बिनौरी में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया गौरतलब हो कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पहली बार 1 अक्टूबर 1991 को मनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 14 दिसंबर 1990 को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।इस अवसर पर ग्राम पंचायत बिनौरी में वृद्धजन सम्मान का आयोजन किया गया। सम्मानित किया गया जिसमें वृद्धजन सुखबाई मनहरे,गनेसिया गायकवाड़,बदरा बाई साहू, देवकी साहू, दुखनी साहू, सुखबती साहू, फूलमती साहू, फुलेसिया साहू, लक्ष्मण ध्रुव, भागबली यादव, तनगु राम साहू, व माखन सेन का सर्वप्रथम तिलक लगाकर स्वागत किया गया, तत्पश्चात शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान सरपंच किरण साहू कहा कि बड़े बुजुर्गों की आशीर्वाद से ही जीवन को गति मिलती है उनका आशीर्वाद से ही हमेशा घर खुशहाल रहता है और फलता फूलता है तथा वह घर में सरक्षक की तरह काम करता है। सरपंच प्रतिनिधि युवा मोर्चा मंडल पलारी के पूर्व अध्यक्ष सनकुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि समाज और परिवार में वरिष्ठजनों के अनुभव, ज्ञान और युवा शक्ति के उचित समावेश से ही व्यक्ति,समाज व देश का विकास कर सकता है। इस अवसर पर सिद्धेश्वर रक्तदान समिति पलारी के संयोजक जितेन्द्र साहू, किसान मित्र मुकेश कुमार साहू, नोखराम सेन, मुनीराम यादव व चिंताराम ध्रुव उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों और शिक्षकों को दिया गया रोबोटिक्स और 3 डी प्रिंटिंग का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

विद्यार्थियों को आधुनिक एवं भविष्य की तकनीकों से परिचित कराने के उद्देश्य से आदित्य विद्या मंदिर स्कूल, बैकुंठ में एक दिवसीय रोबो हब वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग और 3 डी प्रिंटिंग की तकनीक के बारे में जानकारी देने के साथ ही प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया। वर्कशॉप के दौरान विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स की कार्यप्रणाली को समझने के साथ स्वयं रोबोट का संचालन किया। वहीं आईओटी तकनीक और 3डी प्रिंटिंग के उपयोग एवं इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी भी प्राप्त की। आधुनिक तकनीक को करीब से समझने और प्रैक्टिकल अनुभव मिलने से विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।



भविष्य में भी आयोजित होंगे तकनीकी कार्यक्रम : प्रबंधन

कार्यक्रम में तिल्दा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि महेंद्र साहू, स्थानीय सरपंच श्रीमती योगिता कृष्ण वर्मा सहित पंचगण उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए आयोजित इस कार्यशाला की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और नवाचार की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर पवन कुमार साहू, प्राचार्य हरप्रीत कौर, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए भविष्य में भी इस तरह के तकनीकी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।



खबर संक्षेप

104 ग्राम पंचायतों में चला स्वच्छता अभियान

सिमगा। गांधी जयंती एवं स्वच्छता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जनपद पंचायत सिमगा क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत कार्यालय एवं सभी 104 ग्राम पंचायत में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत एकदिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया गया। जनपद के सभी ग्रामों के अलावा जनपद स्तरीय स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा बनाना और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सीईओ जनपद पंचायत सिमगा सी पी मनहर के द्वारा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा 'स्वच्छता केवल एक दिन का काम ही नहीं बल्कि हमें इसे प्रतिदिन अपनी आदतों में शामिल करना होगा '। 'साफ़ सफाई कर हर बीमारियों से बच सकते हैं। अभियान के तहत जनपद के सभी 104 ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव स्थानीय नागरिक जिला एवं जनपद सदस्य ने मिलकर गलियों तथा सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई की तथा लोगों को गीला एवं सूखा कचरा अलग कर रखने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को अपने घर व आसपास को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई।

जी राम जी योजना और विकास कार्यों पर हुई चर्चा



गोपालपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के शुभ अवसर पर नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर मे ग्राम सभा आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मांनमती पहारु साहू सरपंच ने किया। पुनम जाटवर सचिव, मिशान सिंह तकनीकी सहायक ने जी राम जी के कार्य के नियम को बताया उन्होंने कहा जिस काम के कार्य योजना बनेगा और जिसमें ग्रामीणों के सहमती होगा वही काम होगा अन्य काम नही होगा। जानकारी देते हुए बताया कि मकान के टेक्स वसूली कर पंचायत के मूलभूत काम करवाने की बात कही गई। ग्राम सभा में उपस्थित लोगों ने टेक्स आय कितना हुआ और व्यय कितना हुआ जानकारी ले सकते है। कार्य योजना के तहत ही काम होने की बात कही गई।

एक्सीडेंट में बाइक चालक की मौत

महासमुंद। मेमरा के पास एक्सीडेंट में बाइक चालक की मौत के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद बताया कि मृतक दयाराम साहू पिता दरसराम साहू (60 साल) राजासैवेया अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एनवाय 8965 से अपने गांव राजासैवेयाखुर्द से रायगढ़ जा रहा था।

निधन

प्रीतम साहू

बगबुड़ा। बलौदाबाजार शहर के

सिविल लाइन निवासी प्रीतम (राजा) साहू (30) का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे धनीराम साहू के पुत्र थे।

श्यामा देवी मिश्रा

बलौदाबाजार। शासकीय डीके

महाविद्यालय बलौदाबाजार के सेवा निवृत्त प्राध्यापक डॉ. राजेश मिश्रा की माता श्रीमती श्यामा देवी मिश्रा 90 वर्ष पति स्व. कालीशंकर मिश्रा का 2 अक्टूबर को उनके कोलकाता स्थित निज निवास में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को कोलकाता स्थित मोक्षधाम में विधि -विधान के साथ किया जावेगा।

जयंती : गांधी चौक में महात्मा गांधी को किया नमन

गांधी-शास्त्री जयंती पर कांग्रेसजनों ने निकाली प्रभात फेरी

हरिभूमि न्युज ⏭ बलौदाबाजार





महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे मावली माता मंदिर से प्रभात फेरी के साथ हुई। इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रभात फेरी नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंची, जहां कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके राष्ट्र निर्माण, सत्य, अहिंसा, सादगी, ईमानदारी और देशसेवा के आदर्शों को स्मरण किया गया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य और अहिंसा का मार्ग तथा लाल बहादुर शास्त्री का सादगी, ईमानदारी एवं राष्ट्रसेवा का जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों पर चलकर देश और समाज की सेवा करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश यदु, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष हेमचंद केसरवानी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, जिला प्रभारी रामकुमार साहू, महामंत्री लखेश साहू, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सरजू प्रसाद धृतलहरे, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद्मेश्वरी साहू, शहर प्रभारी नीरज बांधे, मोहन साहू, सुभाष राव, डिगेश्वरी, रविंद्र नामदेव, सलमान शेख, तरुण खटकर, संतोष तिवारी, दिगंबर साहू, देवेंद्र बंजारे, तिलक कन्नौजे, सुखदेव साहू, मोतीराम वर्मा, सुरेंद्र यादव, देवेंद्र वैष्णव, रवि दीवान, सुंदर साहू, भावेश वर्मा, एनएसयूआई के सूर्यकांत वर्मा, खेलावन जायसवाल, सागर साहू, शाश्वत यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गांधीजी ने दिखाया सत्य का रास्ता शास्त्रीजी ने सिखाया कर्तव्यः साव

भाटापारा। स्थानीय कांग्रेस भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा के नेतृत्व में मनाई गई।

विधायक इन्द्र साव ने संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने हमें सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि बिना हथियार उठाए, बिना हिंसा किए भी अन्याय के विरूद्ध एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया जा सकता है।

गांधी जी के जीवन हमें सिखाता है कि सत्य केवल बोलने की चीज नहीं, बल्कि उसे अपने जीवन में उतारना पड़ता है। गांधी जी ने स्वच्छता, आत्मनिर्भर, ग्राम स्वराज, सामाजिक समानता और अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का संदेश दिया। आज जब हम विकास की बात करते है, तब गांधी जी का यह विचार हमें याद रखना चाहिए की विकास का वास्तविक अर्थ तभी है, जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचे। साव ने आगे कहा लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन सादगी, ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक था। शास्त्री जी ने देश को जय जवान, जय किसान का एक ऐसा मंत्र दिया, जो आज भी करोड़ों भारतीयों के दिल में ऊर्जा भरता है। उन्होंने आगे कहा गांधी जी ने हमें सत्य का रास्ता दिखाया, शास्त्री जी ने हमें कर्तव्य का रास्ता दिखाया।

दिवंगत नेताओं को दी गई श्रद्धांजलि



कार्यक्रम के अंत में कांग्रेसजनों ने पूर्व पार्षद स्व. रामप्यारी यदु एवं स्व. मंगल दास महिलांगे के अकास्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कीं। कार्यक्रम का संचालन मुकेश साहू ने किया तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को राजकुमार शर्मा, ईश्वर सिंह ठाकुर, आलोक मिश्रा, गौरी भृगु, मोहन केशरवानी, चंद्रशेखर चक्रधारी वैभव केशरवानी, मनमोहन कुर्रे, आदि वक्ताओं ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अजय ठाकुर, सीरीज जांगड़े, विमलेश्वरी ध्रुव, सत्यजीत शेंडे, अय्यूब बांठिया, ओमप्रकाश यदु, पुनीत मानिकपुरी, नवीन बक्स, शेषनारायण यदु, शैलेंद्र अहिरवार, रामरतन दांडेकर, मोहन निषाद, संजय मानिकपुरी, शशांक बंजारे, प्रेमलता दुबे, गिरीश पारप्यानी, कीरत वर्मा, विक्रम लिलवानी, शतरूपा वर्मा, दानी भाट, पूर्णिमा श्रीवास, गिरिराज चावड़ा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित

खरोरा। पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय खरोरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र सेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना सभा में विभिन्न धर्मों की प्रार्थनाओं एवं सद्भावना संदेशों के माध्यम से सत्य, अहिंसा, शांति, समानता, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर विद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता कार्य कर स्वच्छता का संदेश दिया।

महापुरुषों का जीवन हमारे लिए प्रेरणास्रोत : रजनी मिंज

इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज ने अपने उद्बोधन में महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर प्रकाश डाला। व्याख्याता शाहिना परवीन, संगीता नायक, योग शिक्षक योगेन्द्र त्रिपाठी ने भी अपने संबोधन में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व और कृतित्व को रेखांकित करते हुए कहा कि दोनों महापुरुषों का जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रजनी मिंज, व्याख्याता शाहिना परवीन, संगीता नायक, योगेंद्र त्रिपाठी, एनएसएस, स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

गांधी चौक में मनाई गांधी व शास्त्री जयंती, कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि



सुहेला। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर को गांधी चौक सुहेला में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने दोनों महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भानुप्रताप वर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर देश को आजादी की राह दिखाई, वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा से देश का मान बढ़ाया। उनके आदर्श आज भी समाज और संगठन को सही दिशा देने वाले हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर अनुशासन और समर्पण के साथ कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भुनेश्वर वर्मा ने कहा कि गांधीजी का सत्य-अहिंसा का सिद्धांत और शास्त्रीजी का 'जय जवान, जय किसान' का नारा देश की अमूल्य धरोहर है। दोनों महापुरुषों का जीवन त्याग, संघर्ष और जनसेवा की प्रेरणा देता है। कांग्रेसजनों को उनके विचारों को आत्मसात कर आम जनता के बीच सक्रियता से कार्य करना चाहिए। इस दौरान वक्ताओं ने गांधीजी के स्वतंत्रता संग्राम, सत्याग्रह, स्वदेशी एवं ग्राम स्वराज के योगदान तथा शास्त्रीजी के नेतृत्व, किसान हितों और देश की सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों को याद किया।

कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह ठाकुर, रेवा राम साहू, निरंजन वर्मा, जितेंद्र वर्मा, एस. कुमार, बिहारी खुटे, शेखर यादव, सेवक साहू, शेवाराम वर्मा, हेमलाल पाटरे सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

गांधी और शास्त्री जी के आदर्शों पर चलकर करेंगे भाटापारा का विकास : अश्वनी

भाटापारा। नगर पालिका परिषद भाटापारा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर आयोजित गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती हमारे लिए केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि जनसेवा के अपने संकल्प को और मजबूत करने का दिन है। दोनों महापुरुषों ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि सार्वजनिक जीवन का वास्तविक उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास का लाभ पहुंचाना होना चाहिए। उन्होंने कहा की गांधी जी ने हमें सिखाया कि राजनीति और सार्वजनिक जीवन का केंद्र सत्ता नहीं, बल्कि समाज और जनसेवा होनी चाहिए। शास्त्री जी ने अपने सादगीपूर्ण जीवन और कर्तव्यनिष्ठा से यह दिखाया कि जनप्रतिनिधि का सबसे बड़ा परिचय उसका पद नहीं, बल्कि जनता के प्रति उसकी जवाबदेही होती है।



सामूहिक जिम्मेदारी है स्वच्छता

शर्मा ने कहा कि नगर पालिका परिषद भाटापारा जनता की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। अध्यक्ष ने कहा कि गांधी जी का स्वच्छता का संदेश आज नगर विकास का आधार बन सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि नगर पालिका के प्रयासों के साथ जनता भी अपनी जिम्मेदारी निभाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों या नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। लाल बहादुर शास्त्री जी को स्मरण करते हुए शर्मा ने कहा, जय जवान, जय किसान' का मंत्र देश के प्रति जिम्मेदारी और सम्मान का संदेश देता है। शास्त्री जी का जीवन हमें बताता है कि कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ इच्छाशक्ति, ईमानदारी और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, "हमारा संकल्प है कि भाटापारा को ऐसा नगर बनाया जाए, जहां विकास के साथ स्वच्छता हो, सुविधाओं के साथ संवेदनशीलता हो और प्रशासन के साथ जनता की भागीदारी हो।

सच्ची श्रद्धांजलि विचारों को जीवन में उतारना

अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि माल्यार्पण तक सीमित नहीं होनी चाहिए। गांधी जी के सत्य, स्वच्छता और सेवा के विचार तथा शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा को अपने सार्वजनिक जीवन में उतारना ही उनके प्रति वास्तविक सम्मान है। उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा, "आइए, आज की इस जयंती पर हम संकल्प लें कि भाटापारा के विकास में अपनी-अपनी भूमिका पूरी निष्ठा से निभाएंगे। जनता की समस्याओं को सुनना, उनका समाधान करना और नगरहित में निरंतर काम करना ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। जनसेवा का यह संकल्प निरंतर चलता रहेगा।



ब्लॉक कांग्रेस ने मनाई गांधी व शास्त्री की जयंती

सिमगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को याद किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और भाईचारे के माध्यम से देश को एकजुट करने का कार्य किया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी सादगी, ईमानदारी और देश के प्रति समर्पण से एक आदर्श स्थापित किया। उनका दिया हुआ "जय जवान, जय किसान" का संदेश आज भी देश के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि गांधी जी और शास्त्री के विचार केवल इतिहास का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि आज भी हमारे सामाजिक और सार्वजनिक जीवन के लिए मार्गदर्शक हैं। हमें उनके बताए रास्ते पर चलते हुए समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और एकता बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सिमगा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, जिला कांग्रेस महामंत्री राजा तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री विक्की मानिकपुरी, ब्लॉक कांग्रेस सचिव यश शर्मा, ढेलू साहू, डॉ धनसिंग साहू, आदिवासी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कृष्णा कुंजाम, कार्यालय प्रभारी विक्रम पांडे, नागेश साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने दोनों महान नेताओं के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और समाज एवं देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

सात सप्ताह में 10,500 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम

साइबर जागृति अभियान से 96 हजार नागरिक जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक चलाए गए साइबर जागृति अभियान के तहत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस के अनुसार सात सप्ताह चले अभियान के दौरान जिले में 10,500 से अधिक कार्यक्रमों के माध्यम से 96 हजार से अधिक नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान का उद्देश्य डिजिटल अरेस्ट, वित्तीय धोखाधड़ी, यूपीआई फ्रॉड, जॉब स्कैम, फिशिंग और ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों के प्रति नागरिकों को सतर्क करना रहा। स्कूल-कॉलेज, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, हाट-बाजार, आईटीआई, कौशल विकास केंद्र, शासकीय कार्यालय और टाउन हॉल सहित विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान में भाजपा, कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी सहभागिता करते हुए नागरिकों से साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों के साथ प्रबुद्धजनों ने भी अभियान में सहयोग किया।

शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ. व्यास नारायण आर्य ने संस्कृत भाषा में साइबर सुरक्षा एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव संबंधी संदेश दिया। वहीं मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में रह रहे विवेक यदू ने वीडियो संदेश के माध्यम से अभियान की सराहना करते हुए लोगों से साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें और ओटीपी, पिन व बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें या नजदीकी थाने से संपर्क करें।